# प्रसार भारती
# भारतीय प्रसारण निगम
# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 01.06.2026/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे

## मुख्य समाचार

- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने जनगणना–2027 के प्रथम चरण के तहत स्वगणना अभियान का किया शुभारंभ–प्रदेशवासियों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्राकृतिक आपदाओं के दृष्टिगत सक्षम व प्रतिरोधी अधोसरंचना के निर्माण के लिए सरकार प्रयासरत्त।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के अनुसार– स्थानीय निकाय व नगर निगम चुनावों में कांग्रेस की झूठी गारंटियों को जनता ने नकारा।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– नगर निगमों के चुनाव में अपेक्षित परिणाम न मिलने के कारणों पर मंथन करेगी कांग्रेस।

  और
- गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने हासिल किए 38 पदक।

----------

## कविंद्र गुप्ता

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज लोकभवन शिमला से जनगणना–2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत स्व–गणना अभियान का शुभारम्भ किया। यह अभियान आज से 15 जून तक प्रदेश भर में संचालित किया जाएगा, जिसके माध्यम से नागरिक डिजिटल पोर्टल पर स्वयं अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी स्व–गणना प्रक्रिया पूर्ण कर प्रदेशवासियों को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना लोकतंत्र की आधारशिला है और इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े देश व प्रदेश की नीतियों, विकास का कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण का आधार बनते हैं। राज्यपाल ने कहा कि जनगणना 2027 पहली बार डिजिटल माध्यम से आयोजित की जा रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्व–गणना प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान देने का आहवान किया।

इस दौरान हिमाचल प्रदेश जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक दीप शिखा शर्मा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**राज्यपाल**

इस बीच राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने आज लोकभवन शिमला से ऑल इंडिया एनसीसी माउंटेनियरिंग एक्सपीडिशन दल को कुल्लू की माउंट देव टिब्बा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। देशभर से चुने गए 24 एनसीसी कैडट्स का ये दल 6 हज़ार एक मीटर ऊंची चोटी फतह करने के लिए पीर पंजाल रेंज जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसे अभियान युवाओं में साहस, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत करते हैं। कविंद्र गुप्ता ने सभी कैडेट्स को सुरक्षित और सफल आरोहण की शुभकामनाएं भी दीं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं और इनसे उत्पन्न गंभीर खतरों के दृष्टिगत राज्य सरकार सक्षम व प्रतिरोधी अधोसरंचना के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस क्रम में सरकार ने 2 हज़ार 6 सौ 88 करोड़ रुपये की ''हिमाचल प्रदेश रेजिलिएंट एक्शन फॉर डेवलपमेंट एंड डिजास्टर रिकवरी'' एचपी–रेडी परियोजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य आपदा–प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना इस वर्ष जनवरी से नवंबर 2030 तक चलेगी। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण उत्पन्न परिस्थितियों से पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश सर्वाधिक प्रभावित है और प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। पिछले तीन वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने राहत केंद्रित शासन से प्रतिरोधी केंद्रित प्रशासन की ओर बढ़ने पर भी बल दिया।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में हुए स्थानीय निकाय व नगर निगम चुनाव परिणामों में जनता ने भाजपा को अपना भरपूर समर्थन दिया है और कांग्रेस की करारी हार हुई है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य के लोग कांग्रेस की झूठी गारंटियों और मुख्यमंत्री की बात पर अब भरोसा नहीं कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री को स्थानीय निकाय व पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव परिणामों में अपनी हार का पहले से अंदेशा था इसीलिए वे इन चुनावों को टालना चाहते थे। उन्होंने राज्य सरकार को साजिश करने के बजाए जनहित में निर्णय लेने और केंद्र सरकार द्वारा भेजी जा रही आर्थिक सहायता को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने की सलाह भी दी।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ेगी और सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास किया जाएगा। प्रदेश के

चार में से तीन नगर निगमों में भाजपा की जीत को लेकर उन्होंने माना कि इन चुनावों में कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन इसके कारणों पर पार्टी स्तर पर चर्चा और समीक्षा की जाएगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पालमपुर क्षेत्र में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया है और कई क्षेत्रों में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को जनता का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़े जाते हैं।

**के.के. पंत**

भारतीय प्रशासिनक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कमलेश कुमार पंत ने शिमला में हिमाचल प्रदेश के कार्यकारी मुख्य सचिव के रूप में पदभार संभाल लिया है। वर्ष 1993 बैच के उत्तराखंड मूल के कमलेश कुमार पंत के पास प्रशासनिक कार्यों का लंबा अनुभव रहा है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। के.के पंत ने कहा कि सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासनिक तंत्र को अधिक मजबूत और जवाबदेह बनाया जाएगा। उन्होंने भरोसा जताया कि सामूहिक प्रयासों से प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से हासिल किया जा सकेगा।

**सिकंदर कुमार**

असम के गुवाहाटी में 29 से 31 मई तक आयोजित तीन दिवसीय 19वीं राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 38 पदकों पर कब्जा जमाया है। इनमें 12 सवर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल है। भारतीय ग्रेपलिंग संघ के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिंकदर कुमार ने खिलाड़ियों की इस अद्भुत सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ये सफलता राज्य के युवाओं की कड़ी मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण है।

**धूमल**

पंचायतीराज संस्थाओं के हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में जनादेश प्राप्त करने वाले हमीरपुर जिले की बगवाड़ा, ग्वारडू और कराह पंचायतों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने आज भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रौफेसर प्रेम कुमार धूमल से भेंट की। इस अवसर पर प्रौफेसर धूमल ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पंचायतें विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति देने, जन समस्याओं के त्वरित समाधान और समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना आवश्यक है।

---------